बम बम भोले नाथ डमरू वाले

बम बम भोले नाथ, डमरू वाले,
जय हो दीना नाथ, डमरू वाले ll
ॐ नमोः शिवाय, ॐ नमोः शिवाय xll

सीस चन्द्रमा, गले में विषधर लिपटाए l
जटा जूट में, गंगा जी शोभा पाए ll
*औघड़दानी करते, हैं कल्याण,,,
देवों के सरताज, डमरू वाले,
जय हो दीना नाथ, डमरू वाले l

जिसने भी, शँकर भोले को अपनाया l
मन चाहा फल, उसने तो पल में पाया ll
*ऐसे वरदानी, हैं करतार,,,
सबका देते साथ, डमरू वाले,
जय हो दीना नाथ, डमरू वाले l
ॐ नमोः शिवाय, ॐ नमोः शिवाय xll

दर्शन दे दो, अब तो भोले भण्डारी l
दीन दयालु, कहलाते हो त्रिपुरारी ll
*सभी भजते हैं, तेरा नाम,,,
देवों में विख्यात, डमरू वाले,
जय हो दीना नाथ, डमरू वाले l

ध्यान लगा शिव, भक्ति का खोलो खाता l
जोड़ लिया है, प्रज्ञा ने शिव से नाता ll
सेवा सदा करता, है श्री श्याम,,,
रख दो सिर पे हाथ, डमरू वाले,,,
जय हो दीना नाथ, डमरू वाले l
बम बम भोले नाथ, डमरू वाले,
जय हो दीना नाथ, डमरू वाले ll
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19318/title/bam-bam-bhole-nath-damru-wale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |